# सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य अनुशासन और टीम भावना को बढ़ावा देना है : नागेन्द्र

## प्रतिभाएं सुविधाओं की मोहताज नही होती : कबीर, पोलो ग्राउंड में सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ





नवभारत न्यूज

**गुढ़, 25 अक्टूबर, रायपुर कर्चुलियान, गुढ़, महसाव मंडल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर एवं गोविंदगढ़ मंडल के पोलो ग्राउंड में सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ.**

खेल महोत्सव के दौरान गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह एवं भाजपा के युवा नेता कबीर मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और बेहतर प्रदर्शन के लिये उनका उत्साह वर्धन किया. खेल प्रतियोगिता को सम्बोधित करते हुए विधायक नागेन्द्र सिंह ने कहा कि यह सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्रो में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर है. खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक बेहतर खेल का प्रदर्शन किया. खेल से हमे अनुशासन की जहा सीख मिलती है, वही एकता और भाईचारा भी बढ़ता है. इस दौरान युवा भाजपा नेता कबीर मिश्रा ने कहा कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिले और उनकी प्रतिभाएं सामने आए, इसके लिये सांसद खेल महोत्सव किया जा रहा है. सभी खिलाड़ियो ने शानदार प्रदर्शन किया. कोई भी काम अगर टीम भावना के साथ किया जाता है तो वह निश्चित रूप से सफल होता है. अनुशासन बेहद जरूरी है चाहे पढ़ाई हो या फिर खेल, प्रतिभाएं सुविधाओ की मोहताज नही है. ऐसे कई राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भर कर सामने आए है जो ग्रामीण परिवेश से निकले है और अपनी अलग छाप छोड़ी है. प्रतिभाएं कही भी हो सकती है, शहर हो या गांव, इस तरह के खेल महोत्सव से प्रतिभाओ को अवसर मिल रहा है. इस दौरान मंडल अध्यक्ष गुढ़ अनंत गुप्ता मंडल अध्यक्ष रायपुर कर्चुलियान अभिषेक सिंह मंडल अध्यक्ष गोविंदगढ़ प्रदीप त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता अलखमुनि तिवारीजी, पूर्व मंडल अध्यक्ष उपेंद्र सिंह कपूर चंद सोनी, संजीव शुक्ला सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्रशिक्षक, खिलाड़ी मौजूद रहे.

# मऊगंज में 22 कम्पनियां रोजगार मेले पर करेंगी युवाओं का चयन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 25 अक्टूबर, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय शहीद केदारनाथ स्मृति महाविद्यालय मऊगंज में 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. पूर्व में यह मेला 27 अक्टूबर को आयोजित होना था.**

रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 22 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 14000 रुपए से 40 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है.

वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा. उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर, बजाज आटोमोबाइल प्रा. लिमिटेड औरंगाबाद, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर, धार (म.प्र.), श्री राम पिस्टन एण्ड रिंग लि. पथरेडी राजस्थान, जय भारत मारूती हरियाणा, जिंदल पाइप्स गाजियाबाद, विनप्रेज इन्फो मीडिया प्रा. लि. लखनऊ, टाटा मोटर ऑटोमोबाइल कम्पनी अहमदाबाद गुजरात, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, एनजीएम पीजी भिवाड़ी राजस्थान, पीजी इलेक्ट्रो प्लांट इंडिया लि. पुणे, लेन्सकार्ट इंडिया बिलहरी राजस्थान, याजाकी इंडिया लि. हरियाणा, एमआरएफ लि. दहज, आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ आदि कम्पनी आएगी.

# घरेलू गैस सिलेंडर का होटलों और ढाबों में हो रहा उपयोग

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 25 अक्टूबर, इस समय पर गुढ़ नगर के अन्दर सहित आस पास के गांवो में घरेलू गैस सिलेंडर की भारी समस्या खड़ी है. लोग गैस सिलेंडर के लिए इधर उधर भटकते देखने को मिल रहे है आपको बता दें कि पिछले कुछ दिनों से घरेलू गैस सिलेंडर होटलो एवं ढावो में देखने को मिल रहे है.**



लेकिन इस समस्या की ओर खाद्य विभाग की सिर्फ खाना पूर्ति ही देखने को मिल रही है जिस पर विभाग के प्रति सवाल पर सवाल खड़े हो रहे है. आपको बता दें कि घरेलू गैस सिलेंडर घरेलू रसोई के बजाय गुढ़ नगर में संचालित होटल एवं आस पास सड़क के किनारे संचालित ढावाओं एवं चाट ठेलो में यूज होते देखे जा रहे है जबकि होटल ढावा एवं ठेला वालो के लिए नीला सिलेंडर दिया गया है लेकिन होटल ढावा ठेलाओं में घरेलू सिलेंडर यूज किए जा रहे है जो विभाग के आला अधिकारियों के लिए एक बड़ा सवाल होने के साथ महज खाद्य विभाग की खाना पूर्ति ही नजर आ रही है. अगर समय रहते विभाग द्वारा कार्यवाही नही की गई तो किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है. स्थानीय लोगो ने विभाग से कार्यवाही की मांग की है.

# सरपंच-सचिव की मनमानी से भूख-प्यास से तड़प रहे गौवंश

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 25 अक्टूबर, मऊगंज जिले के जनपद पंचायत हनुमना अंतर्गत ग्राम पंचायत मलेगवा की गौशाला में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है.**

जानकारी के अनुसार, सरपंच और सचिव की मिलीभगत से गौशाला में चारा और भूसा के भुगतान की लगभग 13 लाख की राशि रोककर रखी गई है, जिसके चलते गौशाला में मौजूद दर्जनों गौवंश भूख और प्यास से तड़प रहे हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच-सचिव द्वारा भ्रष्टाचार कर सरकारी राशि को रोक कर रखा गया है. गौशाला में पशुओं के लिए न तो चारा उपलब्ध है, न पानी की पर्याप्त व्यवस्था. कई दिनों से पशु बिना चारे के जीने को मजबूर हैं, लेकिन प्रशासन और संबंधित विभाग मौन साधे बैठे हैं. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मलेगवा गौशाला की तत्काल जांच कर दोषी सरपंच, सचिव और संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि गौवंशों को राहत मिल सके और सरकारी राशि का सही उपयोग हो सके.

# वृद्ध की हत्या के बाद पीड़ित परिवार को मिल रही धमकियां

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 25 अक्टूबर, कुशवाहा परिवार के दो-दो लोगों की हत्या करने के बाद कथित सरहंग पाठक परिवार अब भी कुशवाहा परिवार को समझौता करने का दबाव बनाते हुए हत्या की धमकी दे रहा है.**

डरे समय पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर करुड़ पुकार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक मऊगंज के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव का ध्यान आकृष्ट कर अभी भी हत्या में सम्मिलित सरेआम घूम रहे तीन आरोपियों तथा उनके परिजनों द्वारा दी जा रही धमकी पर नकेल कसने तत्काल उनके गिरफ्तारी एवं धमकी बड़ो के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है. उल्लेखनीय है कि मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के ग्राम कोन में विगत 30 सितंबर को हुए खूनी संघर्ष में पाठक परिवार ने कुशवाहा परिवार के छोटेलाल कुशवाहा की धारदार हथियार से प्राण घातक हमला कर दिया था जिसकी इलाज के दौरान 7 अक्टूबर 25 को मृत्यु हो गई थी तथा इसके बाद पुलिस ने हत्या का अपराध भी पंजीबद्ध किया था. लेकिन बावजूद इसके हत्या में सम्मिलित दो आरोपियों को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन बताया जाता है कि तीन आरोपी क्रमशः शिवेंद्र पाठक चिंतामणि पाठक तथा शिवाकांत पाठक अभी भी फरार चल रहे हैं. अपनी करुण पुकार लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे छोटेलाल कुशवाहा के पुत्रों सोहन कुशवाहा एवं सोनू कुशवाहा ने बताया कि अखिलेश पाठक उमाकांत पाठक घर में जाकर धमकी देते हैं कि चलकर सुलहनामा कर लो, नही तो अंजाम बुरा होगा.



सरकारी उचित मूल्य दुकान के बाहर खड़े हितग्राही

# शहीद दिवस पर खेली गई कबड्डी प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 25 अक्टूबर, थाना लौर पुलिस द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों की याद और सम्मान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा कनकसेरा के विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच, विद्यालय प्राचार्य, स्कूल प्रबंधक और ग्रामीण जनों की उपस्थिति में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और शहीदों के बलिदान को स्मरण कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त करना था. कबड्डी प्रतियोगिता में स्थानीय टीमों के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया. प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम का आयोजन थाना प्रभारी उप निरीक्षक गोविंद तिवारी के नेतृत्व में किया गया.

उनके साथ एएसआई दिलराज सिंह एवं मनीष सहित पुलिस बल मौजूद रहा. लौर पुलिस की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं के बीच देशभक्ति और खेल भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास साबित हुई.

# श्रीमती रामकली मिश्रा का निधन

गुढ़, 25 अक्टूबर, गुढ़ नगर परिषद बार्ड 10 निवासी पंण्डित स्व: रामलखन मिश्रा की धर्म पत्नी श्रीमती रामकली मिश्रा उर्फ लोल्ली का विगत दिनों दु:खद निधन हो गया. वह 92 वर्ष की थी और अपने पीछे भर पूरा परिवार छोड़कर गई. पंण्डित मोहनलाल मिश्रा, जगदीश मिश्रा, इन्द्रमणि मिश्रा, उमेश मिश्रा, शिवाकान्त मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा, जीतेन्द्र मिश्रा, भूपेन्द्र मिश्रा, बिपिन मिश्रा, सौरभ मिश्रा, रोहित मिश्रा आदि ने शोक व्यक्त किया.

# हितग्राहियों के साथ खाद्यान्न वितरण में इ-केवाईसी के नाम पर मनमानी

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 25 अक्टूबर, जिले के गुढ़ नगर परिषद अंतर्गत गुढ़ वार्ड क्रमांक 2 में संचालित खाद्यान्न वितरण की दुकान के सेल्समैन छोटे उर्मलिया उर्फ प्रदीप द्वारा वार्ड क्र. 2 में संचालित उचित मूल्य दुकान के हितग्राहियों के साथ राशन वितरण एवं केवाईसी के नाम पर मनमानी की जा रही है.**

गुढ नगर परिषद वार्ड क्रमांक 2 में संचालित उचित सरकारी मूल्य की दुकान में खाद्यान्न वितरण केंद्र के गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले हितग्राहियों ने बताया कि सेल्समेन छोटे उर्मलिया उर्फ प्रदीप उर्मलिया द्वारा मनमानी तरीके से राशन का वितरण किया जाता है. सेल्समेन द्वारा राशन वितरण करने का कोई समय सीमा नहीं है एवं ना ही उचित मूल्य की दुकान पर कोई नेम प्लेट या बोर्ड लगा हुआ है. गुढ़ नगर वासियों ने बताया कि खाद्यान्न में सेल्समेन द्वारा तौल में हितग्राहियों के साथ गड़बड़ियों की जाती है.

सेल्समैन की मनमानी को लेकर समाजसेवी टीपू खान से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि राशन वितरण प्रणाली में सेल्समैन द्वारा हितग्राहियों के साथ अवैध लूट की जा रही है एवं सेल्समेन द्वारा केवाईसी के नाम पर हितग्राहियों के साथ अवैध वसूली की जा रही हैं. जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों को त्वरित संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए. क्या कहतीं हैं गुढ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंहवही गुढ़ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले नागरिकों के साथ अगर किसी सेल्समैन द्वारा गरीबों के हक के राशन वितरण में गड़बड़ियां की गई एवं नागरिकों के साथ अवैध वसूली की गई तो जिम्मेदारों के ऊपर प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी.

# कार्बाइड गन से बचाव और सुरक्षा के तत्काल उपाय करें : जामोद

नवभारत न्यूज

**सतना 25 अक्टूबर। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टरों को कैल्शियम कार्बाइड गन से बचाव एवं सुरक्षा के तत्काल उपाय के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि जिले में यदि कोई भी व्यक्ति कार्बाइड गन के उपयोग से प्रभावित पाया जाए तो उसे तत्काल समुचित उपचार सुविधा दें।**

आवश्यक होने पर रोगी को एयर एंबुलेंस के माध्यम से भोपाल अथवा इंदौर जैसे शहरों में उपचार के लिए भेजने की व्यवस्था करें। पीड़ित की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उसे मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से उपचार सहायता के लिए प्रकरण भेजें।

कमिश्नर ने कहा कि आमजनता को कार्बाइड गन के दुरूपयोग से होने वाली हानि के संबंध में जागरूक करें। यदि किसी विक्रेता के पास कार्बाइड गन भण्डारित अथवा बिक्री करते पाई जाए तो उसके विरूद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें। विस्फोटक पदार्थों के भण्डारण के लाइसेंसधारियों के गोदामों की सघन जाँच कराएं।

# रोजगार मेले में 50 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित करने के प्रयास करें : जामोद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अक्टूबर, कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय रोजगार मेले के तैयारियों की समीक्षा की. कमिश्नर ने कहा कि नवम्बर के प्रथम सप्ताह में संभागीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा.**

इसमें रोजगार और स्वरोजगार योजनाओं से 50 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा. सभी अधिकारी इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए समन्वित प्रयास करें. इसकी मानीटरिंग के लिए सभी अधिकारियों और बैंक शाखा प्रबंधकों को गूगल शीट उपलब्ध कराई गई है. इसमें विभागीय प्रगति और प्रकरणों के निराकरण की जानकारी प्रतिदिन दर्ज करें. हितग्राहीमूलक तथा स्वरोजगार की सभी योजनाओं की 31 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें. कमिश्नर ने कहा कि शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण बैंकों में लंबित हैं. अग्रणी बैंक प्रबंधक शाखा प्रबंधकों को निर्देश देकर सभी प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण कराएं. प्रकरणों में यदि किसी तरह की कमी है तो संबंधित विभाग से संपर्क कर उस कमी को दूर कराएं. नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह में सभी स्वीकृति प्रकरणों में ऋण राशि का वितरण किया जाएगा.

रोजगार मेले के तैयारियों के लिए आगामी सप्ताह बैठक आयोजित की जा रही है. इसमें रोजगार मेले से संबंधित सभी संभागीय अधिकारी और जिला अधिकारी उपस्थित रहें. अग्रणी बैंक प्रबंधक बैंक शाखा प्रबंधकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें. बैंक शाखा प्रबंधक इस बैठक में मुद्रा योजना तथा अन्य योजनाओं से वित्त पोषित प्रकरणों की भी जानकारी प्रस्तुत करें. कमिश्नर ने कहा कि हम सबका उद्देश्य आमजनता की सेवा और कल्याण करना है. बैंक अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ जनता के स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता से जुड़े प्रकरणों का निराकरण करें. इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी. बैठक में कमिश्नर ने कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन, जनजातीय कार्य, आजीविका मिशन, उद्योग की समीक्षा की.

# दीपावली के बारे में बच्चों को दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अक्टूबर, प्रेरणा स्त्रोत संत आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से हमारे रीवा शहर में चलाए जा रहे बाल संस्कार केंद्र में महिला उत्थान मंडल द्वारा, गुरूजी द्वारा बताए हुए, पर्वों का पुंज 'दीपावली' के बारे में बच्चों को कुछ आवश्यक जानकारी दी गई.**

दीपावली पांच पर्वों का पुंज है जैसे धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दिवाली गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज के बारे विस्तार से बताया गय. जिसमें आलिया झामवानी, महक साहनी, विराट साहनी, सनी जेठवानी, जतिन साहनी, बानी गंगवानी, देवांश पंजवानी ने हिस्सा लिया. यह प्रोजेक्ट के माध्यम से बड़ी ही सुंदरता से प्रस्तुत किया. बच्चो को कई तरह की जानकारी दी गई. बाल संस्कार केंद्र के बच्चों को साधुवाद है.

कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला समिति की अध्यक्ष मधु शिवनानी, वंशिका तुलसानी, काशी खिलवानी, दिशा लालवानी, कियारा नोटवानी, भाविका कुलचंदानी आदि उपस्थित रही.

# त्योंथर विधायक सिद्धार्थ ने सतना में पूर्व विधायक स्व . शंकरलाल को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**सतना 25 अक्टूबर। त्योंथर से विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने सतना पहुंचकर पूर्व विधायक स्व. शंकरलाल तिवारी के सुभाष चौक स्थित निवास पर आयोजित तेरहवीं संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।**

उन्होंने स्व.शंकर लाल तिवारी के योगदानों का पुण्य स्मरण किया तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी।

उन्होंने कहा जनसंघ के कठिन दौर से लेकर भाजपा के उनके सफर में उन्होंने जिस साहस और धैर्य का परिचय दिया, वह प्रेरणादायी है। अपने कार्यकाल में उन्होंने जनता के हितों और सतना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सादगी, ईमानदारी और समाज से गहरे जुड़ाव के कारण उन्हें विशिष्ट पहचान मिली। वे शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर सक्रिय रहे।

कठिन समय में स्व.शंकर लाल तिवारी द्वारा जनता का विश्वास जीतना उनके साहस और संघर्ष का प्रतीक था।





# कलेक्टर मऊगंज ने किया सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 25 अक्टूबर, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने गत दिवस नईगढ़ी सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय का गहन निरीक्षण किया. यह परियोजना मऊगंज जिले के 352 ग्रामों की कुल 37 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करेगी.**

कलेक्टर ने परियोजना के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का जायजा लिया. उन्होंने नईगढ़ी सिंचाई परियोजना प्रथम के मुख्य पम्प हाउस रघुराजगढ़ और पी.टी. मलैगवा तथा नईगढ़ी सिंचाई परियोजना द्वितीय के मुख्य पम्प हाउस भटीगवा और बी.पी.टी. बेलहा का निरीक्षण किया. कलेक्टर ने परियोजना के अधिकारियों को रबी सीजन में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त कार्य आगामी दिसम्बर माह तक पूर्ण कर लिए जाएँ. निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री बी.पी. मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती नीलम मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी मिठाई लाल वाडेकर, संविदाकार जे.पी. एसोसिएट्स के प्रतिनिधि डी.डब्ल्यू. दुधाने सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

